# साप्ताहिक विच्छेदित पाठ्यक्रम

## मई 2024-मार्च 2025

## कक्षा-10

**एकीकृत शैक्षणिक कैलेंडर 2024 के साथ समन्वित**



सम्बंधित दस्तावेज एवं शैक्षणिक सामग्री के लिए QR कोड को SCAN करें।

झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, राँची

Jharkhand Council of Educational Research and Training, Ranchi

# साप्ताहिक विच्छेदित पाठ्यक्रम
## 2024-25

## कक्षा - 10

झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, राँची
Jharkhand Council of Educational Research and Training, Ranchi

# सामाजिक विज्ञान

| माह | सप्ताह | अध्याय | पाठ का नाम | अधिगम प्रतिफल |
|---|---|---|---|---|
| May (17 days) & June (16 days) | May 1st, 2nd, 3rd, 4th & 5th (17 days) | G 1 | संसाधन एवं विकास | तथ्यों आंकड़ो को पहचानता है और पुनः प्राप्त करता है और प्रक्रियाओं को ;बताता है<br>विभिन्न प्रकार की मिटटी ,खनिजों उर्जा संसाधनो नाविकरणीय उर्जा संसाधनों को पहचानता है |
| | June 1st, 2nd & 3rd (6 days) | P 1 | सत्ता की साझेदारी | विद्यार्थी सत्ता की साझेदारी की संकल्पना को सरल रूप में व्यक्त करता है।<br>सत्ता की साझेदारी को चित्र के माध्यम से श्याम पट्ट पर अभिव्यक्ति करता है।<br>बेल्जियम एवं श्रीलंका में सत्ता की साझेदारी की भूमिका एवं इसके परिणाम की जानकारी प्राप्त करता है।<br>सत्ता की साझेदारी की महत्ता एवं इसके विभिन्न रूप के बारे में समझ विकसित कर पाता है। |
| | June 4th & 5th (10 days) | H 1 | यूरोप में राष्ट्रवाद का उदय | राष्ट्रवाद की अवधारणा और राष्ट्र की अंतर्निहित विशेषताओं की व्याख्या करता है।<br>यूरोप में स्वतंत्रता और समानता के विचारों को फैलाने में फ्रांसीसी क्रांति की भूमिका को पहचानता है।<br>राष्ट्रों के निमार्ण में क्रांतिकारियों की भूमिका को चित्रित करता है।<br>यूरोप में राष्ट्रवाद और इसके विभिन्न रूपों का विचार कैसे उभरा, इसका विश्लेषण करता है।<br>राष्ट्रवादी भावनाओं को विकसित करने में भाषा की भूमिका को पहचानता है।<br>बताता है कि कैसे महिनाओं ने राष्ट्र का प्रतिनिधित्व किया।<br>1815 के बाद यूरोप के नक्शे को देखता है और राष्ट्र राज्यों के निर्माण के बाद तुलना करता है।<br>राजतंत्र शासन और लोकतंत्र शासन व्यवस्था में अंतर स्पष्ट करता है।<br>अयोग्य शासक होने पर किसी विकसित राज्यों से किस प्रकार पिछड़ जाता है इसकी व्याख्या करता है।<br>भारतीय आंदोलनकारियों के माध्यम से भारत में समानता, एकता एवं बन्धुत्व की भावना विकसित हुई इसकी व्याख्या करता है।<br>समाज में अस्पृश्यता एवं भेद-भाव विकसित समाज के लिए अभिशाप है। इन कुरीतियों को समाज से दूर करने में डॉ. भीमराव अम्बेडकर के संघर्षों पर विश्लेषण किया जाएगा।<br>भारत की स्वतंत्रता आंदोलन में सभी जाति, धर्म एवं महात्मा गाँधी के योगदानों पर विश्लेषण किया जाएगा। |
| July (25 days) | 1st (6 days) | G 2 | वन एवं वन्य जीव संसाधन | वन एवं वन्य जीव संसाधन को अपने पर्यावरण से जोड़कर देख पाता है |
| | 2nd & 3rd (4 days) | E 1 | विकास | बच्चे विकास के विभिन्न पहलुओं को समझते हुए अपने व्यवहारिक जीवन में देखते हैं।<br>बच्चे विभिन्न देशों या राज्यों की विकासात्मक तुलना करते हैं।<br>राष्ट्रीय आय की व्यापक आर्थिक अवधारणाओं से बच्चे परिचित होते हैं।<br>बच्चे विकास की धारणीयता को समझते हैं। |
| | 4th (6 days) | H 2 | भारत में राष्ट्रवाद | अंग्रेजी शासन व्यवस्था में भारत में धर्म एवं जाति के नाम पर "फूट डालो और राज करो" की नीति पर व्याख्या किया जाएगा।<br>साहित्य, लोक कथाएँ, गीत, चित्र एवं प्रतीकों ने भारतीयों में राष्ट्रवादी भावना को साकार करने में योगदान पर चर्चा की जाएगी।<br>अंग्रजी शासन व्यवस्था और लोकतंत्रात्मक शासन व्यवस्था में अंतर स्पष्ट किया जाएगा। |
| | 5th (3 days) | G 3 | जल संसाधन | जल संसाधन जल दुर्लभता जल संरक्षण एवं प्रबंधन की महता को समझते हुए उसका वर्णन कर पाता है। |

| माह | सप्ताह | अध्याय | पाठ का नाम | अधिगम प्रतिफल |
|---|---|---|---|---|
| August (24 days) | 1st, 2nd & 3rd (14 days) | P 2 | संघवाद | संघवाद के बारे में अवधारणात्मक समझ स्पष्ट कर पाता है।<br>भारत में संघीय व्यवस्था के संरचनात्मक एवं प्रक्रियात्मक पहलुओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त करता है।<br>सरकार के संघात्मक एवं एकात्मक स्वरूपों के बीच तुलना एवं विरोधाभास की जानकारी प्राप्त करता है।<br>भारत में विकेन्द्रीकरण के तहत स्थानीय शासन प्रणाली की विभिन्न इकाइयों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त करता है। |
| | | E 2 | भारतीय अर्थवयवस्था के क्षेत्रक | किसी देश के आर्थिक समृद्धि और विकास की प्रक्रिया में आर्थिक क्रियाकलापों के महत्व को समझते हैं। छात्र अपने दैनिक जीवन में परिचित उदाहरणों के द्वारा अर्थव्यवस्था के क्षेत्रको को समझते हैं और चर्चा करते हैं। बच्चे क्षेत्रको की बदलती भूमिका का अर्थव्यवस्था पर प्रभाव को समझते हैं।<br>बच्चे रोजगार के सृजन के विभिन्न तरीकों पर चर्चा करते हैं। बच्चे असंगठित क्षेत्रक में काम कर रहे लोगों के संरक्षण पर चर्चा करते हैं। |
| | 4th & 5th (10 days) | H 3 | भूमंडलीकृत विश्व का बनना | वैश्वीकरण से विश्व में आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक विकास पर व्यापक प्रभाव पड़ा। जिसका विश्लेषण किया जाएगा।<br>आध्यात्मिक शांति के लिए उत्पीड़न/यातनापूर्ण जीवन से बचने या व्यापार के लिए दूर-दूर तक एक देश से दूसरे देशों में यात्रा करते थे। यात्री अपने साथ हुनर, विचार, आविष्कार, किटाणु और बिमारियाँ भी साथ लेकर चलते थे। इसकी जानकारी प्राप्त होती है।<br>औपनिवेशिक व्यापारी रास्ते में ही इसाई, इस्लाम और बौद्ध धर्म की शारताएँ कई देशों में फैलाई गई। इसकी जानकारी प्राप्त हुआ।<br>वैश्वीकरण से पूरे विश्व में कृषि, व्यापार, उद्योग एवं मजदूरों पर बहुत अधिक महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा इसकी व्याख्या किया गया।<br>प्रथम विश्व युद्ध से अमेरिका एवं भारतीय अर्थव्यवस्था पर आर्थिक महामंदी का प्रभाव पड़ा। इस पर विश्लेषण किया गया। |
| September (20 days) | 1st & 2nd (5 days) | पुनरावृति | | |
| | 3rd & 4 th (8 days) | G 4 | कृषि | भारत के मानचित्र पर चावल ,गेहूं ,चाय, कॉफ़ी रबर के उत्पादन किये जाने वाले क्षेत्रो एवं आवश्यक भौगोलिक दशाओ को जान पाता है |
| | 5th & 6th (7 days) | P 3 | जाति, धर्म और लैंगिक मसले | जाति, धर्म और लिंग के आधार पर सामाजिक अंतर की पहचान करता है।<br>लिंग, समाजकी एक गतिषील अवधारणा है, जो प्रत्येक समाज में भिन्न होती है।<br>सांप्रदायिकता एवं धर्मनिरपेक्ष शासन की स्पष्ट व्याख्या कर पाता है।<br>भारत के संदर्भ में जाति और राजनीति साथ ही जाति के अंतर्गत राजनीति के विरोधाभासों की पहचान कर पाता है। |

| माह | सप्ताह | अध्याय | पाठ का नाम | अधिगम प्रतिफल |
|---|---|---|---|---|
| October (21 days) | 1st, 2nd & 3rd (12 days) | H 4 | औद्योगीकरण का युग | 18वीं शताब्दी के आखिर के मशीनों के आविष्कार से इंग्लैंड में उत्पादनों में गुणवात्तापूर्ण कार्य और बेरोजगारी बढ़ने की जानकारी प्राप्त हुआ।<br>मशीनों के आविष्कार ने इंग्लैंड में औद्योगिक बदलाव से मजदूरों और उद्योगपतियों को क्या लाभ और हानि हुआ इसका विश्लेषण किया गया।<br>भारत में बुनकरों के हाथ से बने कपास और रेशमी कपड़े बहुत सुन्दर होने के कारण विदेशी बाजार को काफी प्रभावित किया। इसकी जानकारी प्राप्त हुआ।<br>मशीनों के आविष्कारों ने गांवों में बेरोजगारी और शहरों में रोजगार के अवसर खोल दिया इसकी व्याख्या की गई।<br>प्रथम विश्व युद्ध में भारत के कारखाने और भारतीय लघु उद्योगों में भारी उतार-चढ़ाव एवं लाभ-हानि पर विश्लेषण किया गया।<br>भारत में स्थापित कारखानों से भारतीय गांवों की स्थिति में बड़े बदलाव हुए इसकी जानकारी प्राप्त हुई। |
| | 4th & 5th (9 days) | E 3 | मुद्रा और साख | मुद्रा की उत्पत्ति एवं मुद्रा के आधुनिक रूप के महत्व को समझते हैं।<br>बैंकों की कार्यप्रणाली के साथ-साथ व्यवसायिक व रिजर्व बैंक के कार्य में अंतर कर पाते हैं।<br>बच्चे जांच और अनुसंधान की भावना विकसित कर पाते हैं। आर्थिक गतिविधि में ऋण की आवश्यकता व प्रभाव को जानते हैं।<br>गरीबों के लिए स्वयं सहायता समूहों के संगठनों के मूल विचारों को जान पाते हैं। |
| November (21 days) | 1st (1 day) & 2nd (4 days) | P 4 | राजनीतिक दल | राजनीतिक दल के गठन एवं कार्य की व्याख्या कर पाता है।<br>भारत के संदर्भ में राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय राजनीतिक दलों की पहचान कर पाता है।<br>राजनीतिक दलों को उनके चुनाव चिह्न के आधार पर पहचान कर पाता है।<br>भारत में चुनाव दलों के समक्ष विभिन्न चुनौतियों एवं उनके निराकरण की स्पष्ट समझ प्रस्तुत कर पाता है। |
| | 3rd (5 days) | G 5 | खनिज तथा उर्जा संसाधन | भारत के मानचित्र पर कोयला, लौह अयस्क ,पेट्रोलियम के उत्पादन के किये जाने वाले क्षेत्रो का पता लगाता है |
| | 4th (6 days) | G 6 | विनिर्माण उद्योग | भारत के मानचित्र पर इस्पात, सूती कपडे के उत्पादन का पता लगाता है |
| | 5th (5 days) | E 4 | वैश्वीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था | बच्चे बाज़ार के व्यवहार का अवलोकन कर पाते हैं। बच्चे वैश्वीकरण के विभिन्न आयामों को समझते हैं। वैश्वीकरण की प्रक्रिया में बहुराष्ट्रीय कंपनीयों की भूमिका को समझते हैं।<br>बच्चे विश्व व्यापार संगठन की कार्यप्रणाली को समझते हैं। बच्चे खुली अर्थव्यवस्था की चुनौतियों को समझते हैं। विश्व व्यापार को प्रभावित करने वाले कारकों को समझ पाते हैं। |

| माह | सप्ताह | अध्याय | पाठ का नाम | अधिगम प्रतिफल |
|---|---|---|---|---|
| December (19 days) | 1st (0 day) & 2nd (6 days) | P 5 | लोकतंत्र के परिणाम | लोकतंत्र के परिणामों के मूल्यांकन करने में सक्षम हो पाता है। लोकतंत्र के विभिन्न मूल्यों के बारे में विस्तृत समझ विकसित कर इसकी स्पष्ट व्याख्या कर पाता है। |
| | 3rd (6 days) | H 5 | मुद्रण संस्कृति और आधुनिक दुनिया | मुद्रण के आविष्कार ने चीन, जापान और कोरिया के व्यापारी, विद्यार्थी, विद्वान, अधिकारी एवं आम जीवन को प्रभावित किया इसकी जानकारी प्राप्त हुई। मुद्रण आविष्कार ने लोगों की जिन्दगी बदल दी। इसकी बदौलत सूचना, ज्ञान संस्था और सत्ता को काफी प्रभावित किया। इस पर विश्लेषण किया गया। छापेखाने के आविष्कार ने लोगों के जीवन में सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक रूप को प्रभावित किया, इसकी व्याख्या की गई। छापेखाने के आविष्कार ने फ्रांस की क्रांति में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाया जिससे निरंकुशवाद और आतंकी राजसत्ता का अंत किया इसकी जानकारी प्राप्त हुई। मुद्रण संस्कृति के आविष्कार ने प्रगति, ज्ञानदेय एवं शिक्षा से लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव किया और इस आविष्कार ने शिक्षा को सभी के लिए अंनिवार्य कर दिया, इसकी व्याख्या की गई। |
| | 4th (6 days) | G 7 | राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की जीवन रेखाएँ | संचार एवं व्यापार का अर्थव्यवस्था में योगदान का वर्णन करता है |
| | 5th (2 days) & 6th (0 day) | E 5 | उपभोक्ता अधिकार | बच्चे उपभोक्ता के रूप में अपनी भूमिका और महत्व को समझते हैं। बच्चे उपभोक्ता सुरक्षा अधिनियम के महत्व को समझते हैं। बच्चे समझदार उपभोक्ता के रूप में जागरूक होते हैं। बच्चे सूचना के अधिकार कानून को जानते हैं। बच्चे वस्तुओं की गुणवत्ता को प्रमाणित करने वाले प्रमाणिक चिह्नों को जानते हैं। |
| **January (20 days) February (20 days) March (21 days) till board examination** | | Revision & Test | | |
| **Total Working Days - 224 Days (Tentative)** | | | | |